
लखनऊ,विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ में शुक्रवार को 80 हजार करोड़ से अधिक निवेश वाली योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। देश भर के दिग्गज उद्योगपतियों की मौजूदगी में मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री बताएंगे कि कैसे यूपी तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह राज्य एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने का सामर्थ्य रखता है।

योगी सरकार 2.0 के पहले तीन महीने में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री एक साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगने वाली 80224 करोड़ रुपये की 1406 परियोजनाओं का डिजिटली शिलान्यास करेंगे।

सुबह 11 बजे होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक व औद्योगिक विकास विभाग के मंत्री नंद गोपाल नंदी खास तौर पर मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री समारोह स्थल पर आने से पहले प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इसमें यूपी की निवेश विकास यात्रा को दर्शाया गया है। इन निवेश परियोजनाओं के अमल में आने पर दो साल में पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

**दिग्गज उद्योगपति रहेंगे मौजूद:** आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, अडानी समूह के अध्यक्ष और एमडी गौतम अडानी, वीपी एयर लिक्विड के मैथ्यू आइरीज यूपी में उद्योग निवेश का रोड मैप बताएंगे। इसके अलावा हीरानंदानी ग्रुप के एमडी निरंजन हीरानंदानी, जिंदल ग्रुप के चेयरमैन और एमडी सज्जन जिंदल, लुलु ग्रुप के एमडी युसूफ अली भी मौजूद रहेंगे।

› ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी P04




ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं। ● हिन्दुस्तान

**11** बजे पूर्वाह्न प्रधानमंत्री करेंगे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्घाटन

**14** सौ छह योजनाओं का डिजिटली किया जाएगा शिलान्यास



- यूपी को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रदेश सरकार का लक्ष्य

## इन क्षेत्रों में होगा निवेश

| क्षेत्र | प्रोजेक्ट | निवेश |
|---|---|---|
| डाटा सेंटर | 7 | 19928 |
| कृषि आधारित उद्योग | 275 | 11297 |
| आईटी | 26 | 7876 |
| इंफ्रास्ट्रक्चर | 13 | 6632 |
| निर्माण | 27 | 6227 |

**नोट :** निवेश के आंकड़े करोड़ रुपये में

## योगी 1.0 में हो चुके हैं ऐसे दो आयोजन

- पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन लखनऊ में 29 जुलाई 2018 को हुआ।
- इसमें 61800 करोड़ रुपये की 81 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई थी।
- दूसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन लखनऊ में 28 जुलाई 2019 को हुआ।
- इसमें गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 67000 करोड़ रुपये की 290 परियोजनाओं की नींव रखी गई।